झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

22 Sep 2023

Follow us on



RN Sir
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK
JSSC | DEFENCE - ARMY
CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 22 सितंबर का इतिहास

- **1965 :** भारत और पाकिस्तान के बीच की लड़ाई में संयुक्त राष्ट्र की पहल पर युद्ध विराम हुआ।
- **1949 :** सोवियत संघ ने पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- **1988 :** कनाडा की सरकार ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान ओर कनाडा के नागरिकों की नजरबंदी के लिए माफी मांगी और मुआवजा देने का भी वादा किया।
- **1966 :** अमेरिकी यान सर्वेयर 2 चंद्रमा की सतह से टकराया।

## 22 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- इंडियन एनर्जी दिग्गज इंडियन ऑयल ने MotoGP भारत के संस्करण के टाइटल स्पॉन्सरशिप को ले लिया हैं, जो भारत में पहली ग्रैंड प्रिक्स है, जो 22 से 24 सितंबर तक ग्रेटर नोएडा के बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित किया जाएगा। फेयर स्ट्रीट स्पोर्ट्स द्वारा दोरना स्पोर्ट्स के सहयोग से पेश किए जा रहे मोटोजीपी भारत में मोटोजीपी, मोटो2 और मोटो3 श्रेणियों में 42 टीमें और 84 राइडर्स प्रतिस्पर्धा करेंगे।
- पश्चिम बंगाल के शांतिनिकेतन के बाद अब कर्नाटक में होयसल मंदिरों को यूनेस्कों की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया हैं। इसके साथ ही यह भारत का 42वां यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल बन गया हैं। यह घोषणा विश्व धरोहर समिति के 45वें सत्र के दौरान संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन द्वारा की गई। विश्व धरोहर समिति का यह सत्र सऊदी अरब के रियाद में 25 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है।
- भारत के स्टार जेवेलिन थ्रोअर एथलीट और मौजूदा विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने यूजीन में डायमंड लीग फाइनल में अपने कौशल और संकल्प का प्रदर्शन किया। 83.80 मीटर के उनके सर्वश्रेष्ठ थ्रो ने उन्हें इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में दूसरा स्थान दिलाया। नीरज चोपड़ा ने इससे पहले 2022 में डायमंड लीग का खिताब जीता था, जिसमें उन्होंने 88.44 मीटर का शानदार प्रदर्शन किया था। भाला फेंक के क्षेत्र में उनकी उल्लेखनीय यात्रा ने पहले ही दुनिया भर में ध्यान आकर्षित किया था।
- रेल मंत्रालय ने स्वच्छता पखवाड़ा 2023 की शुरूआत की हैं। स्वच्छता पखवाड़ा-2023 का उद्धघाटन रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष ओर सीईओ जया वर्मा सिन्हा ने किया। उन्होने रेल भवन में स्वच्छता की शपथ दिलाई। स्वच्छता की यह शपथ पूरे रेलवे परिवार को दिलाई गई, जिसमें वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रेलवे जोन और डिवीजनों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ रेलवे के कर्मचारी शामिल हैं। पूरे रेलवे परिवार द्वारा ली गई स्वच्छता शपथ स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता पर केंद्रित है यह प्रति वर्ष स्वच्छता के लिए सौं घंटे समर्पित करती और स्वच्छ भारत मिशन के संदेश का प्रचार करती है।
- केंद्रीय कौशल विकास ओर उद्यमिता मंत्री धर्मेद्र प्रधान और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दिल्ली में स्किल्स ऑन व्हील्स पहल शुरू की। इस पहल के तहत अगले पांच वर्षो में 60,000 युवाओं को सशक्त बनाया जाएगा। यह पहल सरकार के कौशल विकास मिशन, युवाओं के लिए उपलब्ध अवसरों और सहायता प्रणली के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए शुरू की गई है।
- शांतिनिकेतन को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल कर लिया गया। इसकी घोषणा सऊदी अरब के रियाद में आयोजित 45वीं विश्व धरोहर समिति की बैठक में की गई। इसके साथ ही शांतिनिकेतन, भारत का 41वां विश्व विरासत स्थल बन गया हैं। कुछ महीने पहले ही अंतर्राष्ट्रीय सलाहकार निकाय ICOMOS द्वारा इसे यूनेस्को की इस सूची में शामिल करने की सिफारिश की गई थी।
- एशिया कप 2023 के फाइनल मैच में भारत ने श्रीलंका को 10 विकेट से मात दी। भारत ने 8वीं बार यह खिताब जीता हैं। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 रन बनाए थे। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। हालांकि, भारतीय गेंदबाजों ने कहर बरपाया। मोहम्मद सिराज, हार्दिक पांडया और जसप्रीत बुमराह की तूफानी गेंदबाजी के आगे श्रीलंकाई पारी 15.2 ओवर में 50 रन सिमट गई।
- अमेरिकी न्यूयॉर्क में बेस्ट नील वायरस से एक व्यक्ति की मौत और कई अन्य के वायरस से संक्रमित होने का मामला सामने आया हैं। इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका के कई राज्यों ने वायरस को लेकर अलर्ट जारी कर दिया हैं। यह वायरस बिग ऐपल के पांच नगरों, ब्रुकलिन, क्वींस, स्टेटन द्वीप, ब्रॉक्स और मैनहैटन में तीव्रता से फैल रहा हैं।
- साहेल सुरक्षा समझौते पर माली, बुर्किना फासो और नाइजर के सैन्य नेताओं द्वारा हस्ताक्षर किए गए हैं। इन तीन साहेल देशों के मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने माली की राजधानी बमाकों में इस समझौते की घोषणा की। लिप्टाको गौरमा चार्टर ने साहेल राज्यों के गठबंधन की स्थापना की। इसका मुख्य उद्देश्य सामूहिक रक्षा और पारस्परिक सहायता आर्किटेक्चर स्थापित करना हैं।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व गैंडा दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 22 सितंबर (B) 23 सितंबर

(C) 24 सितंबर (D) 25 सितंबर

**(A)** विश्व गैंडर दिवस विश्व वन्यजीव कोष और कई अन्य अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा 22 सितंबर को मनाया जाता है। 2010 में विश्व वन्यजीव कोष दक्षिण अफ्रीका द्वारा पहले विश्व गैंडा दिवस की घोषणा की गई थी। इसका उद्देश्य सुरक्षा को मजबूत करना, विचरण क्षेत्र का विस्तार, अनुसंधान और निगरानी, पर्याप्त एवं निरंतर वितपोषण करना है।




**2. हाल ही में एसएंडपी ग्लोबल ने भारत के वित वर्ष 2024 के विकास अनुमान को बढ़ाकर कितने प्रतिशत कर दिया ?**

(A) 2.5% (B) 3.9%

(C) 5.5% (D) 6.6%

**(D)** एसएंडपी ग्लोगल मार्केट इंटेलिजेंस ने वितीय वर्ष 2024 के लिए भारत की आर्थिक विकास संभावनाओं का पुनर्मूल्यांकन किया है। इस बढ़ोतरी का श्रेय अप्रैल-जून तिमाही में मजबूत आर्थिक प्रदर्शन को दिया जाता है। विशेष रूप से संशोधित अनुमान 6.6% है, जो अगस्त में एनालिटिक्स फर्म द्वारा लगाए गए 5.9% अनुमान से एक महत्वपूर्ण सुधार है।




**3. हाल ही में कौनसी राज्य सरकार नमो 11 सूत्रीय कार्यक्रम लागू करेगी ?**

(A) ओडिशा (B) असम

(C) महाराष्ट्र (D) कर्नाटक

**(C)** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नमो 11 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा की, जिसे राज्य में लागू किया जाएगा। सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि इस कार्यक्रम से किसानों, पिछड़े वर्ग के लोगों, महिलाओं और युवाओं सहित समाज के सभी वर्गों को लाभ होगा। नमो 11 सूत्री कार्यक्रम में ऐसी योजनाएं शामिल है जिनमें नमो महिला सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से 73 लाख महिलाओं को सरकारी योजनाओं से लाभ मिलना शामिल है।



**4. हाल ही में कौनसी राज्य सरकार अवशेष मुक्त बासमती चावल की खेती का पायलट प्रोजेक्ट शुरू करेगी ?**

(A) पंजाब (B) हरियाणा

(C) मध्यप्रदेश (D) महाराष्ट्र

**(A)** बासमती चावल की जैविक और रेसिडयू फ्री खेती के लिए पंजाब सरकार ने बड़ा फैसला किया है। राज्य सरकार ने इसके लिए एक पायलट प्रोजेक्ट शुरू की है। जिसके तहत अमृतसर जिले के चोगावां खंड में बासमती चावल की ऐसी खेती की गई है जिससे कोई अवशेष पैदा न हो।




**5. हाल ही में सामाजिक सुरक्षा बढ़ाने के लिए विश्व बैंक किस राज्य को फंड देगा ?**

(A) पंजाब (B) ओडिशा

(C) महाराष्ट्र (D) कर्नाटक

**(B)** विश्व बैंक के कार्यकारी निदेशक मंडल ने भारत के राज्य ओडिशा को विशेष रूप से प्राकृतिक आपदाओं के दौरान डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए गरीब और कमजोर परिवारों के लिए सामाजिक सुरक्षा कवरेज को बढ़ाने में मदद करने के लिए 10 करोड़ रूपये के ऋण को मंजूरी दी।




**6. हाल ही में सिंगापुर ग्रैंड प्रिक्स 2023 किसने जीता है ?**

(A) मैक्स वर्स्टप्पन (B) लैंडो नोरिस

(C) कार्लोस सैंज (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** फेरारी के कार्लोस सैंज ने सिंगापुर ग्रैंड प्रिक्स जीतकर फार्मूला वन में टॉप पर चल रहे मैक्स वेरस्टापेन के लगातार 10 जीत के रिकॉर्ड को तोड़ा और रेड बुल के सपने को तोड़ दिया कि वे पूरे सीजन में अपराजित रहेंगे। मेकलारेन के लैंडो नोरिस दूसरे और मर्सिडीज के लुईस हैमिल्टन तीसरे स्थान पर हैं।



**7. हाल ही में किस देश ने 8वीं बार एशिया कप खिताब जीता है ?**

(A) भारत (B) बांग्लादेश

(C) जापान (D) श्रीलंका

**(A)** भारत ने एशिया कप 2023 के फाइनल में श्रीलंका को हराकर खिताब जीत लिया। टीम इंडिया ने 8वीं बार यह खिताब जीता। भारत ने श्रीलंका को एशिया कप 2023 के फाइनल में 10 विकेट से हराया। टीम इंडिया ने इस जीत के साथ 8वीं बार एशिया कप के खिताब पर कब्जा किया।




**8. हाल ही में खबरों में रहा स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान किस मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है ?**

(A) गृह मंत्रालय (B) पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

(C) जल मंत्रालय (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** हाल ही में पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान शुरू किया हैं। स्वच्छ सागर सुरक्षित सागर अभियान देश के 8 तटीय राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 79 स्थानों पर आयोजित वृहद नागरिक नेतृत्व वाला एक समुद्र तट सफाई अभियान हैं। यह अंतर्राष्ट्रीय तटीय सफाई दिवस के उपलक्ष्य में शुरू किया गया है।




**9. हाल ही में चर्चित शांतिनिकेतन की स्थापना निम्नलिखित में से किसने की थी ?**

(A) रवींद्रनाथ टैगोर (B) शचीन्द्रनाथ टैगोर

(C) रथीन्द्रनाथ टैगोर (D) देवेंद्रनाथ टैगोर

**(D)** हाल ही में शांतिनिकेतन को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में जगह प्रदान की गई है। चुने जाने के बाद यह यूनेस्को की सूची में शामिल होने वाला पश्चिम बंगाल का दूसरा सांस्कृतिक प्रतीक हो गया हैं। जबकि, पहला कोलकाता की दुर्गा पूजा है, जिसे 2021 में यूनेस्को की मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल किया गया था।



**10. हाल ही में किस मंत्रालय/संस्था ने भटनागर पुरस्कारों की घोषणा की है ?**

(A) नीति आयोग (B) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद

(C) गृह मंत्रालय (D) वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय

**(B)** हाल ही में वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद ने वर्ष 2022 के लिये शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों के लिये विजेताओं की सूची में घोषणा की। शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार भारत में विज्ञान के क्षेत्र में प्रतिष्ठित पुरस्कारों में से एक हैं। इनका नाम सीएसआईआर के संस्थापक व निदेशक शांति स्वरूप भटनागर के नाम पर रखा गया है।